केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन
Under Ministry of Education, Govt. of India
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/

पत्र सं. उपायुक्त/2026-27/के.वि.सं.आर.ओ. लखनऊ / दिनांक 05.09.2026

# संदेश

**प्रिय शिक्षकगण,**

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर आप सभी प्राचार्यों और शिक्षकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

इस अवसर पर मैं आप सभी के प्रति अपना सच्चा आभार और सम्मान व्यक्त करना चाहती हूँ। बदलते समय, बढ़ती अपेक्षाओं और अनेक चुनौतियों के बीच आप जिस धैर्य, समर्पण और परिश्रम के साथ अपने विद्यार्थियों के लिए कार्य कर रहे हैं, वह वास्तव में सराहनीय है।

एक सफल शिक्षक अपने विद्यार्थियों के गुरु, मार्गदर्शक, संरक्षक और प्रेरणास्रोत होता हैं जो केवल विषय का ज्ञान नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों में सोचने, प्रश्न करने, चुनौतियों का सामना करने और सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। कई बार शिक्षक की कही कोई छोटी-सी बात, उसका सहदय व्यवहार या उस पर जताया गया विश्वास किसी बच्चे के जीवन की दिशा बदल देता है। यही हमारे कार्य की सबसे बड़ी सार्थकता है।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), नई तकनीक, बदलती कार्य-संस्कृति और वैश्विक प्रतिस्पर्धा ने शिक्षा जगत में नई चुनौतियाँ और अवसर प्रस्तुत किए हैं। ऐसे समय में हमारा दायित्व है कि हम स्वयं भी निरंतर सीखते रहें और अपने विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ विवेक, प्रतिभा के साथ संवेदनशीलता, आत्मविश्वास के साथ विमम्रता तथा सफलता के साथ जिम्मेदारी से युक्त करें, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करते हुए देश और विश्व का नेतृत्व कर सकें।

राष्ट्र का भविष्य कक्षाओं में आकार लेता है और उसे गढ़ने का सौभाग्य हम शिक्षकों को मिला है। मुझे विश्वास है कि विकसित भारत के भावी बैज्ञानिक, चिकित्सक, प्रशासक, शिक्षक, उद्यमी और नीति-निर्माता आज हमारे ही विद्यालयों में तैयार हो रहे हैं।

आइए, इस शिक्षक दिवस पर हम अपने विद्यार्थियों के प्रति अपने समर्पण और प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने तथा स्वयं को और उन्हें भविष्य के लिए सक्षम बनाने का संकल्प लें।

एक बार पुन: आप सभी को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ और आपके निरंतर परिश्रम एवं समर्पण के लिए हदय से धन्यवाद।

सादर,

सोना

(सोना सेठ)
उपायुक्त